**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 26-07-2025**

- **RO/ARO परीक्षा-2025 के दृष्टिगत मण्डलायुक्त एवं डीआईजी बस्ती द्वारा श्री शिव मोहर नाथ पाण्डेय किसान जनता इण्टरमीडिएट कालेज नगर बाजार का किया गया निरीक्षण ।**
- **परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को दिए आवश्यक निर्देश।**

आज दिनांक 26.07.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश सिंह एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी (RO/ARO) भर्ती परीक्षा-2025 के दृष्टिगत श्री शिव मोहर नाथ पाण्डेय किसान जनता इण्टरमीडिएट कालेज नगर बाजार जनपद बस्ती का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश/निकास की व्यवस्था, निगरानी हेतु लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया, प्रश्नपत्र वितरण की सुरक्षा, निगरानी ड्यूटी आदि के सम्बन्ध में समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिससे परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके ।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 30-07-2025**

- **Cy-Train प्रशिक्षण न करने वाले नहीं बनेगे थाना प्रभारी।**
- **03 माह में सभी को आनलाइन प्रशिक्षण करना होगा पूर्ण।**

आज दिनांक 30.07.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक,गोरखपुर जोन,गोरखपुर के निर्देश के क्रम में रेंज के पुलिस अधीक्षकगण को अपने-अपने जनपद के समस्त नोडल राजपत्रित अधिकारी साइबर क्राइम को 03 दिवस के अन्दर साइट्रेन प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों की संख्या जानने,शेष अधि0/कर्म0गण को आनलाइन प्रशिक्षण दिलाने हेतु योजना तैयार करने, सभी Inspectors/SHO'S को अगले 03 माह में प्रत्येक दशा में प्रशिक्षण प्राप्त कराने तथा थाना प्रभारी पद के उपयुक्तता के लिये Cy-Train प्रशिक्षण भी एक मानक के रुप में रखने हेतु निर्देशित किया गया।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 01-07-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा थाना डुमरियागंज का किया गया औचक निरीक्षण।**
- **डुमरियागंज कस्बे मे पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त।**
- **संबन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 01.08.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा थाना डुमरियागंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय,बंदीगृह थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया गया एवं थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर सभी प्रविष्टियां अद्यावधिक करने,कार्यालय/थाना परिसर की साफ सफाई प्रतिदिन कराने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लंबित विवेचनाओं/एहकामातों के समयबद्ध निस्तारण तथा थाना परिसर में खड़े माल मुक़दमाती, लावारिस आदि वाहनों का निस्तारण ऑपरेशन क्लीन के तहत कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा एएसपी सिद्धार्थनगर व पुलिसबल के साथ श्रावण मास व त्यौहार रक्षाबंधन के दृष्टिगत डुमरियागंज चौराहे से बैदौलागढ़ मार्ग तक पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया। भ्रमण/पैदल गश्त के उपरान्त थाना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण को हटाने, जाम की समस्या खत्म करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्दश दिया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत कुमार प्रसाद , क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज श्री बृजेश कुमार वर्मा ,प्र0नि0 डुमरियागंज व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**